आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 27.08.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वर्चुअल माध्यम से खेलो इंडिया संवाद को संबोधित करेंगे।
- माय भारत की ओर से द्वीपसमूह के दो शैक्षणिक संस्थानों में खेलो इंडिया संवाद का आयोजन किया जाएगा।
- हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर कल से 30 अगस्त तक राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया जाएगा।
- मंत्रालय की ओर से लोगों से जरूरतमंद टीबी रोगियों की मदद के लिए टीबी मुक्त भारत ऐप डाउनलोड करने की अपील की गई है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वर्चुअल माध्यम से खेलो इंडिया संवाद को संबोधित करेंगे। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह के अंतर्गत मेरा युवा भारत द्वारा आयोजित किया जा रहा है। ये कार्यक्रम देश भर में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के प्रत्येक जिले के दो कॉलेजों में युवाओं की भागीदारी के साथ आयोजित किया जाएगा। यह संवाद युवाओं को देश की खेल संबंधी महत्वाकांक्षाओं से जुड़ने का सीधा माध्यम प्रदान करेगा। साथ ही यह सुनिश्चित करेगा कि उनके विचार और दृष्टिकोण भारत के युवा और खेल पारिस्थितिकी तंत्र पर चल रही चर्चा का हिस्सा बनें। इसकी प्रमुख विशेषता युवाओं और अग्रणी भारतीय एथलीटों और पदक विजेताओं के बीच सीधा संवाद है। कार्यक्रम का एक केंद्रीय पहलू युवा संवाद होगा। इसमें युवा प्रतिभागियों को अपने विचार, दृष्टिकोण और आकांक्षाओं को व्यक्त करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। यह संवाद पांच विषयों पर आधारित होगा, जिनमें खेल, ओलंपिक आकांक्षाएं, युवा नेतृत्व, विकसित भारत और नशा मुक्त युवा शामिल हैं।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत माई भारत, की ओर से आज खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सामुदायिक सभागार में सुबह 10 बजे आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य प्रकाश अधिकारी होंगे। कार्यक्रम में लगभग 100 युवाओं के भाग लेने की संभावना है। वहीं, दूसरा कार्यक्रम सुबह 10 बजे डॉलीगंज स्थित डॉ. बी.आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान, के सभागार में रखा गया है, जिसमें लगभग 500 युवा शामिल होंगे। इस अवसर पर सांसद बिष्णु पद रे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके बाद युवाओं, खिलाड़ियों और विशिष्ट अतिथियों के साथ 'युवा संवाद' आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य खेलों में युवाओं की भागीदारी बढ़ाना, युवा सहभागिता को प्रोत्साहित करना तथा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका को मजबूत करना है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी यूजीसी–नेट, सीएसआईआर नेट तथा आईसीएआर–एआईईईए पीजी और एआईसीई पीएचडी 2026 परीक्षा की अंतिम उत्तर कुंजी और परिणाम इस सप्ताह जारी करेगी। एजेंसी ने बताया है कि परिणाम और अंतिम उत्तर कुंजी उसकी वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने केवल आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करने को कहा है।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले विभाग की ओर से कल से 30 अगस्त तक राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 29 अगस्त को हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर देशव्यापी अभियान 'खेलेगा भारत, जीतेगा भारत' और फिट इंडिया पहल के तहत तीन प्रमुख स्तंभों– "श्रद्धांजलि, खेल और आगे बढ़ें' के आधार पर आयोजित किया जा रहा है। तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान कल मेजर ध्यानचंद को पुष्पांजलि दी जाएगी। इसके अलावा खेल चुनौतियां, एथलीटों व कोचों के साथ बातचीत भी की जाएगी। 29 अगस्त को 'एक घंटा खेल के मैदान में' विषय के साथ मुख्य समारोह आयोजित होगा। इसमें सरकारी विभागों, शैक्षणिक संस्थानों और संगठनों द्वारा कम से कम 1 घंटे के लिए खेल और शारीरिक गतिविधियों के आयोजन होंगे। 30 अगस्त को साइकिलिंग, वॉकाथॉन, और रन–एंड–राइड और अन्य प्रतियोगिताएं खेली जाएंगी।

शिक्षा विभाग के सहयोग से तीनों जिलों के शैक्षणिक ब्लॉकों में स्कूली बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिताएं और 10 किमी की रोड रेस आयोजित होंगी। ओपन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक नागरिक पंजीकरण के लिए खेल एवं युवा मामले विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 'टीबी मुक्त भारत ऐप' पर टीबी से संबंधित जानकारी और सेवाएं प्रदान की जा रही है। यह ऐप उपचार संबंधी मार्गदर्शन, दवा लेने के नियम और फॉलो–अप सहायता प्रदान करता है। इस एप्लिकेशन के तहत 'निक्षय मित्र' पहल के माध्यम से सामुदायिक भागीदारी को आसान बनाना है। इस ऐप में "खुशी – आपकी ई–संगिनी" नाम से एक इंटरैक्टिव चैटबॉट भी शामिल है। मंत्रालय ने आम जनता से निक्षय मित्र के रूप में नामांकन कर जरूरतमंद टीबी रोगियों की मदद में योगदान देने के लिए टीबी मुक्त भारत ऐप डाउनलोड करने और इसका उपयोग करने का आग्रह किया है।

<><><><><><>

कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड में शिप रिपेयर यूनिट में अनुबंध के आधार पर वरिष्ठ परियोजना अधिकारी और परियोजना अधिकारी के एक–एक पद के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। इच्छुक उम्मीदवार 31 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><>

शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए डॉ. एस. राधाकृष्णन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में दो वर्षीय डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए मानवीकी विषय पर 31 अगस्त और विज्ञान विषय के लिए परामर्श पहली सितम्बर को सुबह 9 बजे डाइट के सभागार में लिया जाएगा। उम्मीदवारों को सुबह साढ़े आठ बजे तक अपने आवश्यक दस्तावेजो के साथ परामर्श में उपस्थित होने को कहा गया है।

<><><><><><>

अंडमान कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए अतिथि अध्यापकों और विषय विशेषज्ञों की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार आज आयोजित किया जाएगा। यह नियुक्ति लोक प्रशासन और भारत को समझना विषयों के लिए आवश्यकता के आधार पर की जाएगी। चयनित अतिथि अध्यापकों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मानदंडों के अनुसार मानदेय दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र और अन्य आवश्यक विवरण अंडमान कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।

<><><><><><><>

भारतीय हज समिति, मुंबई ने हज–2027 के लिए द्वीपसमूह से एक राज्य हज निरीक्षक का चयन किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की आज अंतिम तिथि है। इस पद के लिए केंद्र, राज्य सरकार, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, अर्धसैनिक बल, स्वायत्त निकायों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के स्थायी कर्मचारी आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार की अधिकतम आयु 50 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। हज निरीक्षक पर होने वाले कुल व्यय का 50 प्रतिशत हिस्सा भारतीय हज समिति वहन करेगा और शेष 50 प्रतिशत यूटी हज समिति द्वारा वहन किया जाएगा।

<><><><><><><>

द्वीपों के पशुपालन एवं पशुचिकित्सा सेवा विभाग के वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारियों ने सूरत के निकट धामरोड स्थित एनडीडीबी डेयरी सर्विसेज द्वारा आयोजित भ्रूण स्थानांतरण तकनीक पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को मद चक्र, हार्मोनल नियंत्रण, प्रजनन शरीर विज्ञान और भ्रूण स्थानांतरण तकनीक से जुड़ी प्रक्रियाओं पर जानकारी दी गई। इस दौरान पशुधन में उन्नत प्रजनन तकनीकों के बारे में भी चर्चा की गई। समापन अवसर पर प्रतिभागियों में प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

<><><><><><><>